


# रेखाएँ ही रेखाएँ

➤ दिए गए चित्रों को ध्यान से देखो–



बताओ, सीधा है या घुमावदार ?

➤ पेंसिल और तीर – ..........................
➤ सिक्का और चूड़ी का किनारा– ..........................
➤ सीढ़ी – ..........................
➤ जंजीर और रस्सी – ..........................

हमने देखा कि ऊपर के चित्रों में सीढ़ी, तीर, पेंसिल सीधी हैं, जबकि सिक्का, चूड़ी, जंजीर, रस्सी घुमावदार हैं।

अब दिए गए चित्रों को देखो और समझो–

इस चित्र में बनी आकृति कैसी है ?..........................



यह एक सीधी रेखा है। रेखा के दोनों किनारों पर तीर के निशान बने हैं। ये तीर के निशान दोनों ओर असीमित दूरी तक बढ़ी हुई रेखा को बताते हैं।

इस चित्र में रेखा पर दो बिन्दु क व ख बने हैं, जो रेखा की सीमित लंबाई को बताते हैं। सीमित लंबाई की रेखा को रेखाखंड कहते हैं।

क  ख

देखो–

चित्र में बनी आकृति कैसी है ?



इन घुमावदार रेखाओं को हम वक्ररेखा कहते हैं।


अब तुम करो– अपने परिवेश में रेखा, रेखाखंड और वक्ररेखा के उदाहरण ढूँढो और अपने साथियों से चर्चा करो।

## आओ रेखाखंडों से चित्र बनाएँ

पतंगी कागज की झंडियाँ लो। क्या तुम बता सकते हो, इसमें कितने कोने हैं ? पतंगी कागज की झंडी के तीनों कोनों को रेखाखंडों से मिलाकर देखो–



तीनों कोनों को मिलाकर बनी आकृति त्रिभुज होती है। इसकी तीन भुजाएँ और तीन कोने होते हैं।




अब माचिस की डिब्बी अपनी कॉपी पर रखो। इसके चारों ओर पेंसिल से लाइन खींचो। देखो कैसी आकृति बनी ? यही आयत है। आयत में लंबाई, चौड़ाई से अधिक होती है।



सोचो आयत की लंबाई और चौड़ाई यदि बराबर हो तो कैसी आकृति होगी?


## आओ करके देखें–

अपनी कॉपी पर आयत के जैसा एक चित्र खींचो जिसकी लंबाई और चौड़ाई बराबर हों। इस तरह की आकृति वर्ग होती है।



एक रुपये का सिक्का अपनी कापी पर रखो। उसके चारों ओर पेंसिल चलाओ। सिक्का हटाओ और बताओ कौन सी आकृति तैयार हुई। यही वृत्त है।







### हमने सीखा

- सीधी रेखा को सरल रेखा कहते हैं।
- रेखा की लम्बाई असीमित और रेखाखंड की लम्बाई सीमित होती है।
- टेढ़ी–मेढ़ी रेखाओं को वक्ररेखा कहते हैं।

## अभ्यास




1. चित्र देखकर बताओ–


   कितने त्रिभुज हैं ....

   कितने वृत्त हैं ....

   कितने वर्ग हैं ....

   कितने आयत हैं ....






2. चित्र में कुल कितने वर्ग दिख रहे है ?
3. त्रिभुज, आयत, वर्ग और वृत्त के चित्र बनाकर रंगो।

- पहले पटरी की सहायता से बच्चों से सरल रेखाएँ खिंचवाएँ और परिवेश में उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं की सहायता से या फ्री–हैंड वक्र–रेखा खिंचवाएँ।

4. नीचे की आकृतियों के खेल में उनके अनुसार रंग भरो–





5. नीचे के बिन्दुओं को मिलाकर अपनी पसन्द की आकृतियाँ बनाओ–